नई दिल्ली, शुक्रवार
28 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



एलजी ने दिल्ली डायलाग कमीशन को अस्थायी रूप से किया भंग 3
आपातकाल का पाप ढो रही है कांग्रेस: रविशंकर प्रसाद 11




# आपातकाल काला अध्याय : राष्ट्रपति

## 18वीं लोस के पहले सत्र को संबोधित करते हुए मुर्मु ने किया आपातकाल पर प्रहार

- केंद्र की 10 वर्षों की उपलब्धियां गिनाने के साथ नए भारत के निर्माण का खाका खींचा
- आपातकाल के जिक्र पर भड़की कांग्रेस, विपक्षी दलों ने किया शोर शराबा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** चुनाव के समय से ही संविधान की रक्षा को लेकर छिड़ी राजनीतिक बहस चुनाव बाद भी खत्म नहीं हो रही है। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के दूसरे ही दिन गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी अपने अभिभाषण में आपातकाल पर प्रहार किया और इसके लिए इंदिरा गांधी की तत्कालीन सरकार को कठघरे में खड़ा किया। जाहिर तौर पर सरकार की ओर से यह कोशिश है कि रोजाना संविधान की प्रति लेकर आ रहे कांग्रेस सदस्यों को यह आईना दिखाया जाए कि उनके कार्यकाल में ही संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं थीं। राष्ट्रपति ने जैसे ही इसका जिक्र किया, वैसे ही कांग्रेसी सदस्यों ने शोर-गुल शुरू कर दिया। किंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत सत्तापक्ष के सदस्यों ने मेजें थपथपाकर राष्ट्रपति का समर्थन किया। विपक्ष के शोर-शराबे की अनदेखी करते हुए राष्ट्रपति ने बोलना जारी रखा। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय है। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। ऐसी असंवैधानिक ताकतों को देश ने परास्त करके दिखाया, क्योंकि हमारे मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं।

राष्ट्रपति ने विरोधपरक मानसिकता के लिए भी विपक्ष को नसीहत दी। कहा- इससे लोकतंत्र की मूल भावना का बहुत अहित हुआ है। विकास यात्रा पर भी असर पड़ा है। कई दशकों तक अस्थिरता के चलते न सुधार के काम हो पाए और न ही बड़े निर्णय लिए गए। अंततः जनता ने ही इस स्थिति को बदला है। अब सुधार किए जा रहे हैं तब भी विरोध कर नकारात्मकता फैलाई जा रही है। मुर्मु ने अपने अभिभाषण में केंद्र सरकार 10 वर्षों की उपलब्धियां गिनाने एवं नए भारत के निर्माण की तस्वीरें खींचने के साथ ही देश को विघटनकारी तत्वों से भी सावधान रहने की सलाह दी है।


**अफवाहें फैलाकर लोकतंत्र को किया जा रहा कमजोर : मुर्मु >> पेज 7**
संसद सत्र >> पेज 11 व संपादकीय




नई दिल्ली में गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। साथ में हैं राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ● प्रेट्र

### मुर्मु ने ये भी कहा

- 2024 के चुनाव की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है।
- भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान कई मुद्दों पर दुनिया को एकजुट किया।
- भारत जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा के मुद्दों का समाधान प्रदान कर रहा है।
- भारत के विजन ने भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कारिडोर को आकार दिया है, जोकि एक गेमचेंजर होगा।
- सरकार विकास और विरासत दोनों पर गंभीरता से काम कर रही है।
- सरकार आइआइटी, आइआइएम को मजबूत करने और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है।
- आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराएगी।
- सीएए विभाजन का दंश झेलने वाले पीड़ितों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करता है।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है, उड़ानों में वृद्धि से छोटे शहरों को फायदा हुआ।
- कश्मीर घाटी ने रिकार्ड मतदान के जरिए भारत के दुश्मनों को करारा जवाब दिया।
- सरकार उत्तर, दक्षिण और पूर्व में बुलेट ट्रेन कारिडोर के लिए अध्ययन करेगी।
- राजग सरकार ने गरीबों को अहसास कराया है कि सरकार उनकी सेवा में है।
- सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## राहुल ने की स्पीकर से मुलाकात, कहा- राजनीतिक था आपातकाल पर प्रस्ताव

**नेता विपक्ष के रूप में ओम बिरला से पहली भेंट में जताई नाराजगी, बोले- टाला जा सकता था इसका जिक्र**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आइएनडीआइए के नेताओं के साथ स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर उनके द्वारा आसन से आपातकाल का जिक्र किए जाने पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उनके इस कदम को राजनीतिक करार दिया। राहुल गांधी ने स्पीकर से इस दौरान साफ कहा कि यह प्रस्ताव 'स्पष्ट रूप से राजनीतिक' था और इसे टाला जा सकता था।

संसद भवन में राहुल गांधी की नेता विपक्ष के तौर पर बिरला से हुई मुलाकात के बाद कांग्रेस महासचिव के. वेणुगोपाल ने बताया कि यह शिष्टाचार भेंट थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राहुल गांधी की स्पीकर से हुई पहली मुलाकात के दौरान उनके साथ सपा के धर्मेंद्र यादव और डिंपल यादव, द्रमुक की कनीमोरी, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले, राजद की मीसा भारती, तृणमूल के कल्याण बनर्जी सहित कुछ अन्य नेता मौजूद थे।


**वेणुगोपाल ने बिरला को पत्र लिखकर चौंकाने वाला कदम बताया >> पेज 11**


### संपादकीय

**तिब्बत की आवाज बने भारत :** जिस मुद्दे पर भारत ने चीन से धोखा खाया, उसे यानी तिब्बत को उठाकर ही सही मार्ग पाया जा सकता है।



**शंकर शरण** का विश्लेषण।

**हार कर भी खुशी मनाती कांग्रेस :** कांग्रेस को भाजपा की सीटें घटने पर आनंदित होने के बजाय अपनी हार का मूल्यांकन करना चाहिए। **अवधेश कुमार** का आकलन।



● पेज 8



दैनिक जागरण
**झंकार**
जिंदगी की

**जान पर बन आई**
मांसाहार से हाथ क्यों जोड़ रहे हैं दुनिया के कई शहर





**पुल पर अटकी रोशनी**
कामकाज के बेढब तरीके पर विवेक अग्निहोत्री का व्यंग्य

**चेहरा हुआ चमकीला**
क्या वजह है परिणीति चोपड़ा के बढ़े आत्मविश्वास की



पढ़ें इस रविवार


# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ की जांच आगे बढ़ी, दो आरोपित गिरफ्तार

- बिहार पुलिस ने प्रयागराज में एमबीबीएस छात्र की गिरफ्तारी के लिए मारा छापा
- दो आरोपितों चिंटू और मुकेश को बेउर जेल से सीबीआइ दफ्तर लाया गया, पूछताछ शुरू

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना :** नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआइ टीम ने गुरुवार को इस मामले में पहली गिरफ्तारी की। टीम ने मनीष प्रकाश और आशुतोष नामक दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। मनीष वही व्यक्ति है, जिसने अपने दोस्त आशुतोष से कहकर लर्न एंड प्ले स्कूल को परीक्षार्थियों के लिए बुक कराया था। दरअसल पटना स्थित लर्न एंड प्ले स्कूल में मिला जला हुआ नीट का प्रश्न पत्र पेपर लीक कांड के सबसे अहम सुबूतों में से एक है। दोनों ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर मुहैया कराया। उत्तर पुस्तिकाएं दीं। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इसी के साथ सीबीआइ ने विशेष कोर्ट की अनुमति से दो आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। टीम ने गुजरात के गोधरा में परीक्षा पास करने में मदद मांगने वाले तीन अभ्यर्थियों के बयान भी रिकार्ड किए।

सीबीआइ की एक टीम ने गुरुवार को बेउर जेल में बंद आरोपित बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार को रिमांड पर लिया। दोनों आरोपितों को सीबीआइ कार्यालय लाकर पूछताछ की गई। उधर, नीट फर्जीवाड़ा में वांछित चल रहे एमबीबीएस छात्र ऋषभ उर्फ राज पांडेय की तलाश में गुरुवार को बिहार पुलिस ने एक बार फिर प्रयागराज में छापेमारी की। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला स्थित डीएवी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। वहां पर राज पांडेय के स्थान पर जोधपुर एम्स के छात्र को पकड़ा गया था। उसने बयान दिया था कि उससे जोधपुर एम्स में साल्वर गैंग ने संपर्क कर राज पांडेय की जगह परीक्षा देने को चार लाख दिए थे।


**पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्न पर हाई कोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब >> पेज 7**
संबंधित >> पेज 7 व जागरण सिटी




पेपर लीक मामले में सीबीआइ द्वारा पटना से गिरफ्तार मुकेश कुमार और बलदेव कुमार उर्फ चिंटू को गुरुवार को मेडिकल जांच के लिए एलएनजेपी अस्पताल लाया गया। उन्हें कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआइ रिमांड पर सौंपा है ● प्रेट्र

### सीबीआइ ने झारखंड से 10 लोगों को हिरासत में लिया


सीबीआइ ने झारखंड के हजारीबाग में छापेमारी करके ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डा. एहसान उल हक सहित 10 लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए लोगों में पांच पर्यवेक्षक, दो आब्जर्वर, एक सेंटर सुपरिंटेंडेंट और एक ई रिक्शा चालक शामिल हैं। ओएसिस स्कूल के प्राचार्य व एनटीए के डिस्ट्रिक्ट को-आर्डिनेटर एहसान उल हक से टीम पिछले दो दिनों से पूछताछ कर रही है। उप प्राचार्य को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।

# गवाही के लिए अब कोर्ट या थाने जाने की जरूरत नहीं

**सुगम होगा न्याय 1**

नीलू रंजन ● जागरण

- एक जुलाई से दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली के क्रियान्वयन की तैयारी
- डिजिटल प्लेटफार्म और एप तैयार, तेज गति से जांच होने से मुकदमों का फैसला भी जल्द होगा



**नई दिल्ली :** दुनिया की आधुनिकतम आपराधिक न्याय प्रणाली को अमली जामा पहनाने के लिए भारत में डिजिटल प्लेटफार्म और एप तैयार हैं। एक जुलाई से ये काम करने लगेंगे। इस नई व्यवस्था से न्याय न केवल सुगम होगा बल्कि त्वरित गति से जांच होने से मुकदमों का फैसला भी जल्द किया जा सकेगा। दैनिक जागरण आज से एक सीरीज 'सुगम होगा न्याय' आरंभ कर रहा है, जिसमें आपको आपराधिक न्याय प्रणाली में होने वाले हर अहम बदलाव से परिचित कराने के साथ यह भी बताया जाएगा कि इसका आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

नई व्यवस्था लागू होने के बाद किसी को गवाही के लिए अदालत या पुलिस थाने जाने की जरूरत नहीं है। लोग अपने स्थान से ही गवाही दे सकेंगे। यही नहीं, इससे पुलिस की क्षमता भी बढ़ेगी क्योंकि उसे घंटों तक कोर्ट में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वे भी अपने बयान न्यायश्रुति प्लेटफार्म पर दर्ज करा सकते हैं, गवाही के दिन उन्हें इसका लिंक भेजा जाएगा। पुलिस को अपराध से जुड़े सारे सुबूत ई-साक्ष्य एप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे। इसी तरह से आरोपितों और गवाहों को बुलाने के लिए उनके घर समन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें एसएमएस, वाट्सएप या ईमेल पर ई-समन भेजकर बुलाया जा सकता है। न्यायश्रुति प्लेटफार्म को पुलिस थानों, अदालतों, जिलाधिकारी या उप आयुक्तों के साथ ही एसडीएम के कार्यालय में स्थापित किया जा रहा है। जेल अधिकारियों और वहां के कैदियों को ई-गवाही की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी जेलों में न्यायश्रुति प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है।

### अब नहीं चलेगी समन ना मिलने की बहानेबाजी

ई-समन की व्यवस्था समन नहीं मिलने की बहानेबाजी की समस्या को काफी हद तक दूर करेगी। ई-समन प्लेटफार्म पर वाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल से समन भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जैसे ही गवाह इस समन को देखेगा, समन डिलीवरी की रिपोर्ट अपने आप जेनरेट हो जाएगी और वह रिपोर्ट संबंधित जांच अधिकारी के साथ-साथ अदालत के पास भी ई-कोर्ट पोर्टल पर पहुंच जाएगी।

### 24 घंटे मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे काल सेंटर

पूरी तरह से डिजिटल आपराधिक न्याय प्रणाली को कारगर बनाने के लिए एनसीआरबी ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता के लिए 36 सपोर्ट टीमों का गठन किया है, जो संबंधित सरकारों व उनकी एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में हैं। इसी तरह से एनसीआरबी ने एक काल सेंटर भी बनाया है, जो किसी भी तरह की समस्या में 24 घंटे मदद के लिए तैयार होंगे।


**अस्पतालों में भी उपलब्ध होगी न्यायश्रुति की सुविधा >> पेज 7**



LOVELY PROFESSIONAL UNIVERSITY
Transforming Education Transforming India

HIGHEST NAAC GRADE
NAAC GRADE A++
With 3.68 Score on 4 Point Scale

WE ONLY CREATE EXCELLENCE;
THE NEWSPAPERS TURN IT INTO HEADLINES.

At LPU, excellence is our standard - not the exception. We provide a world-class education that equips students with the knowledge, skills, and experiences to achieve remarkable success. While the newspapers may turn those accomplishments into headlines, it is LPU that lays the foundation.




LPU'S 6 PROGRAMS ARE IN INDIA'S TOP 10

THE World University Rankings 2024
Times Higher Education World University's Subject-wise Rankings in India
Scan QR code to know about more rankings

2nd in Business & Economics (World Wide - 501-600 Band)
3rd in Engineering (World Wide - 401-500 Band)
5th in Clinical & Health (World Wide - 401-500 Band)
Including Medical Laboratory Technology, Nutrition and Dietetics, Pharmacology and Pharmacy, Rehabilitation
9th in Computer Science (World Wide - 501-600 Band)
1st in Social Sciences (World Wide - 401-500 Band)
Including Communication, International Relations, Library Science, Political Science, Public Administration, Sociology
2nd in Physical Sciences (World Wide - 301-400 Band)
Including Chemistry, Mathematics and Statistics, Physics


ADMISSIONS 2024
Programmes After 10th, 12th, Graduation & Post Graduation

Engineering | Computer Science and Engineering (CSE) | Artificial Intelligence and Machine Learning| Data Science and Data Engineering | Cyber Security | Devops | Management | Economics | Computer Applications and IT | Commerce | Agriculture | Law | Architecture | Hotel Management and Tourism Planning | Design | Fashion Design | Product and Industrial Design | Multimedia and Animation Design Interior and Furniture Design | Interaction Design (UI/UX) | Journalism and Mass Communication | Film and TV Production | Biotechnology | Food Technology | Nutrition and Dietetics | Microbiology | Forensic Sciences | Sciences | Physics | Chemistry | Zoology | Botany | Arts (Humanities) | History | Psychology Sociology | Mathematics and Statistics | Pharmaceutical Sciences | Ayurvedic Pharmaceutical Sciences Applied Medical Sciences | Physiotherapy | Medical Laboratory Technology | Paramedical Sciences Embryology | Political Science | Public Administration | Geography | Performing Arts | Physical Education Education | Library Science | Fine Arts | Punjabi | English and Foreign Languages

APPLICATIONS CLOSING SOON
Apply for LPUNEST 2024
Scholarships of upto ₹6.1 Lakh on the basis of merit
APPLY NOW by scanning the QR Code
How to Apply: Applicants can apply online at www.lpu.in
For last date and other details, refer university website www.lpu.in

MEET OUR COUNSELLORS
NEW DELHI
5-7 Ground Floor, World Trade Centre (Lalit Hotel), Barakhamba Lane
Ph: 7888398617

LOVELY PROFESSIONAL UNIVERSITY (LPU)
Jalandhar-Delhi G.T. Road, Phagwara, Punjab
admissions@lpu.co.in | www.lpu.in
Contact us: 01824-404493
ThinkBIG




Active Learning in progress at the iOS Development Centre powered by Apple & Infosys at Galgotias University.

Highly Experiential

Critical thinking skills through hands-on activities

Embraces technological advancements

GALGOTIAS active Learning Ecosystem

Superlative Student Engagement and Participation

Prepares students for lifelong learning and adaptability in a rapidly changing world

NOW, NO MORE BENCHES, ONLY NEW BENCHMARKS.

Record Breaking Placements

Living TEACH LESS LEARN MORE Pedagogy

Fostering Entrepreneurial Spirit. Cultivating Job Creators over Job Seekers

Being in NCR and close proximity to a major industrial, corporate and aviation hub; our students get the best of faculty and industry exposure, giving our students a distinct edge over universities located in other areas

"Active Learning" adopted by Galgotias University is a pedagogical approach that goes beyond traditional methods by engaging students in participatory activities within the learning process. Rather than passively receiving information, students are actively involved in activities such as discussions, problem-solving tasks, and hands-on exercises. This approach fosters critical thinking, collaboration and deeper understanding of concepts, making learning more dynamic and effective. Active learning encourages students to take ownership of their education and prepares them for success in an ever-evolving world.

The Edge That Sets Us Apart

TOP 50 in India in INNOVATION

Amongst #91 in India (Management Category)

#52 in India (Pharmacy Category)

By NIRF Ranking 2023

NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

TOP 3 in India for filling MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ Accreditation in First Cycle

Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence OBE Rankings 2024

NBA National Board of Accreditation ACCREDITED Tier 1 for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics & Communications Engineering, B.Pharm and MBA

Apply Today for Career Focussed 2024-25 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes

Engineering | Computer Applications | Biological & Life Sciences | Biomedical Sciences | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education
Nursing | Liberal Education | Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy
Allied Health Sciences | Business | Aviation | Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education

TOP RANKED BY TIMES ALL INDIA ENGINEERING INSTITUTES RANKING SURVEY 2024

Ranked 17th Amongst All India Engineering Institutes

Ranked 15th Amongst Top Private Universities in India

Ranked 13th for providing Top Placements PAN India

Ranked 9th for Top Research Capability PAN India

#GetYourSelfPlaced®

GALGOTIAS UNIVERSITY (Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE For Research Innovation Startup and Entrepreneurs

- Launchpad for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91-9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000


*********

## आज का मौसम

शुक्रवार को बादल छाए रहेंगे। 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 28 जून | 36.0 | 26.0 |
| 29 जून | 36.0 | 28.0 |
| **नोएडा** | | |
| 28 जून | 37.0 | 24.0 |
| 29 जून | 34.0 | 26.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 28 जून | 39.0 | 33.0 |
| 29 जून | 40.0 | 33.0 |

डिग्री सेल्सियस में

# प्री मानसून ने भिगोया, कल से दो दिन होगी भारी वर्षा

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** मानसून की दस्तक से पहले बृहस्पतिवार को प्री मानसून की वर्षा ने राजधानी को अच्छे से भिगोया। सुबह करीब साढ़े सात बजे शुरू हुई वर्षा रुक- रुककर साढ़े दस बजे तक चलती रही। ज्यादातर जगहों पर ठीकठाक और कहीं-कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। इस वर्षा से उमस भरी गर्मी झेल रहे दिल्लीवासियों को राहत मिली। दिन भर मौसम सुहावना रहा, तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को भी कमोबेश ऐसा ही मौसम बना रहेगा, जबकि शनिवार व रविवार को भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इसी दौरान मानसून की औपचारिक दस्तक होने के आसार हैं।

बृहस्पतिवार सुबह छह बजे से ही काली घटा छा गई थी। सवा सात के आसपास दिल्ली के विभिन्न इलाकों में वर्षा शुरू हुई। करीब 11 बजे मौसम साफ हुआ और धूप निकली। बाद में भी बादलों की आवाजाही चलती रही। इसी का असर रहा कि दिल्ली के अधिकतम तापमान में एक दिन पहले की तुलना में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बृहस्पतिवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 28.6 डिग्री और अधिकतम सामान्य से दो डिग्री कम 35.4 डिग्री दर्ज हुआ। बुधवार को यह 39.0 डिग्री रहा था। हवा में नमी का स्तर 84 से 61 प्रतिशत रहा। शाम साढ़े पांच बजे तक वर्षा 5.2 मिमी दर्ज की गई। मार्च से लेकर अभी तक इस सीजन में पहली बार इतनी वर्षा हुई है। पालम में यह 17.2 मिमी, लोधी रोड पर 9.6 मिमी और रिज में 6.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को दिन भर बादल छाए रहेंगे। अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 और 26 डिग्री रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार और रविवार को मध्यम से भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है और आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद बृहस्पतिवार सुबह जब वर्षा हुई, तो लोगों को राहत महसूस हुई, ऐसे में लक्ष्मी नगर इलाके में वर्षा के दौरान प्रसन्न दिखे युवा • जागरण

## एनडीएमसी ने बनाए छह नियंत्रण कक्ष

**जासं, नई दिल्ली:** मानसून में वर्षा से जलभराव की स्थिति को देखते हुए एनडीएमसी ने 160 से अधिक पंपों से लैस छह नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं, ताकि लुटियंस दिल्ली में जलभराव न हो। अधिकारी के अनुसार, क्षेत्र में जलभराव वाले सभी चिह्नित स्थानों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। पालिका केंद्र में एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर में दिन भर इन कैमरों से आने वाली फीड की निगरानी की जाएगी। एनडीएमसी ने अधिक जलभराव वाले अफ्रीका एवेन्यू, बाबा खड़क सिंह मार्ग, पंचकुइयां रोड, पुराना किला रोड और लोधी एस्टेट की पहचान की है। सांगली मेस, खान मार्केट, नेताजी नगर, मालचा मार्ग, मंदिर मार्ग और कनाट प्लेस में जल निकासी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

P.K. GROUP OF INSTITUTIONS
MATHURA (U.P.)
Courses Approved by AICTE/ UGC
Faculty of Engineering & Technology:
POLYTECHNIC
B.TECH
M.TECH
(Lateral Entry in Diploma & B.Tech)
ADMISSION OPEN 2024-25
अपने करियर की मजबूत नींव रखिए हमारे साथ
Campus: Aligarh Road, Raya, Mathura (U.P.)
Mob.: +91-9897379333

QUALITY SINCE 1986
KANODIA
कानोडिया कोल्हू ब्रांड
कच्ची घानी और पीली सरसों का तेल

# पहली वर्षा में डूब गईं सड़कें, क्या होगा मानसून में हाल

## कुछ घंटों की वर्षा में राष्ट्रीय राजधानी में 50 से अधिक स्थानों पर जलभराव, पानी में बह गए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के दावे

**जागरण टीम, नई दिल्ली:** मानसून पूर्व की वर्षा दिल्ली सरकार व एमसीडी की तैयारियों के दावे बहा ले गई। बृहस्पतिवार सुबह कुछ घंटे कहीं तेज, कहीं हल्की वर्षा से राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख राजमार्गों, कालोनियों और बाजारों की सड़कों पर दो से तीन फीट पानी जमा हो गया। एनएच-9 भी इसकी जद में आ गया। दिल्ली के अधिकांश इलाकों में सीवर व नालियों का पानी उल्टा मुख्य मार्गों और गलियों में बहने लगा। कई स्थानों पर कर्मी पंप लगाकर पानी निकालते दिखे। वर्षा रुकने के घंटों बाद तक यह स्थिति बनी रही। जब पानी निकल गया तो सड़कों व फुटपाथों पर कीचड़ था, इससे भी मुश्किलें बढ़ीं।

इसके पहले पीडब्ल्यूडी, एमसीडी व जल बोर्ड ने जलजमाव की समस्या दूर करने के लिए नाले और सीवर लाइन की सफाई के दावे किए थे, लेकिन जलभराव ने साबित कर दिया कि उनके द्वारा केवल औपचारिकता हुई है। सफाई व गाद उठाने का काम केवल कागजों पर हुआ है। इससे लुटियंस दिल्ली भी अछूती नहीं है।

बृहस्पतिवार सुबह यह स्थिति उस वक्त हुई, जब लोग आफिस या अपने कामकाज के लिए निकले थे, जिन्हें सड़कों पर जलभराव के चलते कई घंटे की जाम से जूझना पड़ा। हालांकि दिल्ली वाले कुछ दिन पहले भीषण गर्मी और पेयजल संकट से जूझते हुए मानसून जल्द आने की कामना कर रहे थे। पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड व एमसीडी ने जलभराव और लोगों की परेशानियों पर चुप्पी साध ली है। जल बोर्ड और महापौर डा. शैली ओबेराय को फोन कर पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन जवाब नहीं मिला।

**इन स्थानों पर रही जलभराव की समस्या:** आइटीओ, प्रगति मैदान, चांदनी चौक, कश्मीरी गेट, रोहिणी, लोदी कालोनी, सुल्तानपुरी, उत्तम नगर, बादली, संत नगर, पटेल नगर, माडल बस्ती, शाहदरा, त्रिलोकपुरी, पंजाबी बाग, मुंडका समेत अन्य स्थान जलभराव से कराह उठे। करीब दिल्लीभर में 50 से अधिक स्थानों पर जलभराव के मामले आए। वैसे एमसीडी ने 32 स्थानों पर जलभराव की पुष्टि की, जबकि 14 स्थानों पर पेड़ की शाखाएं टूटने के मामले आए।

आइटीओ पर वर्षा के पानी के साथ सीवर का पानी फुटपाथ तक आ गया। इससे बस पकड़ने के लिए खड़े लोगों को परेशानी हुई। मंडावली के शांति मार्ग पर नाली व सीवर का पानी गलियों में आ गया।

बाहरी दिल्ली में वजीरपुर इलेक्ट्रानिक मार्केट के पास 300 मीटर तक पानी भरने से लोग परेशान हुए। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि नालों से गाद निकालकर सड़क किनारे ही छोड़ दी गई। वर्षा होने पर वह दोबारा नाले में चली गई। रोहिणी सेक्टर-21 स्थित 100 फुटा रोड पर स्मार्ट प्वाइंट के सामने डीडीए की सड़क प पानी जमा हो गया। यहां रमेश एन्क्लेव से नाले का पानी सड़क पर भर गया। सुल्तानपुरी को रोहिणी सेक्टर-20 से जोड़ने वाली सड़क पर भी कई जगह पानी भरने से वाहन चालक परेशान दिखे। किराड़ी स्थित 40 फुटा रोड पर लक्ष्मी विहार के पास पानी भर गया। पश्चिमी दिल्ली में हस्तसाल रोड से काली बस्ती जाने वाली सड़क पर गड्ढों के चलते जलभराव से वाहन चालक परेशान रहे। नांगलाई, मोहन गार्डन आदि मार्गों का भी बुरा हाल रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्थानीय विधायक महेंद्र यादव का कोई ध्यान नहीं है। दक्षिणी दिल्ली में बदरपुर के टंकी रोड पर जलभराव रहा।



एनएच-नौ की सर्विस रोड पर विनोद नगर के पास जलभराव के बीच से निकलते वाहन • पारस कुमार

### एनएच-9 की सर्विस रोड जलमग्न, अंडरपास भी भरा

पूर्वी दिल्ली में एनएच-नौ की सर्विस रोड जलमग्न हो गई। अंडरपास में भी पानी भर गया। इस जलभराव ने यह साबित कर दिया कि पीडब्ल्यूडी, निगम से लेकर विधायक व पार्षदों की ओर से किए गए नालों की सफाई के दावे खोखले हैं। एनएच-9 पर एनएचएआइ ने बरसाती नाला बनाया हुआ है। इसके ठीक पास में एक और नाला है। उस नाले की सफाई की जिम्मेदारी निगम की है। नाले में गंदगी की भरमार है। लोगों का आरोप है कि इस नाले की सफाई ठीक से नहीं हुई, यहां पानी भरेगा। समसपुर जागीर अंडरपास में भी जलभराव हो गया।




वर्षा के कारण विकास मार्ग, आइटीओ पर लगे जाम में फंसे वाहन • ध्रुव कुमार



समसपुर जागीर गांव के पास अंडरपास में बंद आटो को धकेलता चालक • जागरण



आइटीओ के समीप विकास मार्ग पर हुए जलभराव से गुजरते राहगीर • चंद्र प्रकाश मिश्र

> दिल्ली में जगह-जगह जलभराव की स्थिति के लिए दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जिम्मेदार है। अब नगर निगम में भी आप की सरकार है। इसके बावजूद कोई काम नहीं किया जा रहा। मानसून से पहले नालों की सफाई करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। आप सरकार से छुटकारा मिलने के बाद ही जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।
>
> **- रामवीर सिंह बिधूड़ी**, सांसद, दक्षिणी दिल्ली

> जो समस्याएं संज्ञान में आती हैं, उनका समाधान किया जाता है। जलभराव की समस्या पर भी जल्द ही नगर निगम को अवगत कराएंगे और समाधान करवाएंगे। **-महेंद्र यादव**, विधायक, विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र

> वजीरपुर इलेक्ट्रानिक्स-कंप्यूटर मार्केट में जल निकासी के लिए डबल पंप लगाए जा रहे हैं। मेट्रो के पार्किंग निर्माण के चलते नाला बंद होने के कारण जलभराव की समस्या पैदा हुई है। यहां नगर निगम के अलावा भी कई एजेंसी के नाले हैं। इन सबके बावजूद हम जनता को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।
>
> **-राजेश गुप्ता**, विधायक, वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र

### अधिकांश मार्ग जाम, आफिस पहुंचने में हो गई देरी

**जासं, नई दिल्ली:** वर्षा के चलते अधिकांश मार्गों पर जलभराव की स्थिति रही, इस कारण लंबा जाम लगा। लोग सुहाने मौसम में कार्यालय समेत जरूरी कार्यों के लिए निकले, लेकिन घंटों जाम में फंसे रहे। पूर्वी दिल्ली व पुरानी दिल्ली के साथ बाहरी दिल्ली व पश्चिमी दिल्ली के कई मार्ग, तो जलमग्न हो गए। एनएच-9 पर जाम लगने के बाद गाजीपुर सब्जी मंडी से लेकर नोएडा सेक्टर-62 तक करीब पांच किमी लंबे जाम में वाहन फंसे रहे। वाहनों का दबाव बढ़ने पर यूपी पुलिस को यूपी गेट पर बैरिकेड लगाकर सर्विस लेन को बंद करना पड़ा। सराय काले खां से आश्रम आने वाले मार्ग पर जाम से जूझना पड़ा। यहां सड़क पर जलभराव से सुबह सात बजे ही वाहनों की कतार लग गई थी। दोपहर 12 बजे तक जाम रहा। विकास मार्ग से लेकर मंडी हाउस तक भीषण जाम की स्थिति दोपहर तक बनी रही। बादली मेट्रो स्टेशन के पास बाहरी रिंग रोड पर जलभराव से एक घंटे जाम लगा रहा। रोहिणी सेक्टर-20 से जोड़ने वाली सड़क पर भी कई जगह पानी भरने से जाम की स्थिति रही। हस्तसाल रोड से काली बस्ती जाने वाली सड़क तो पूरा जलमग्न हो गया था।

**ये मार्ग रहे जाम:** आइटीओ, कश्मीरी गेट, विकास मार्ग, पीरागढ़ी, मधुबन चौक, जीटी करनाल रोड बाईपास, मुकरबा चौक, मजनू का टीला, तिलक मार्ग, लक्ष्मी नगर, सदर, आइपी पार्क, काले खां।

## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 101 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 49 | अच्छा |
| **डीटीयू** | | |
| आज का अनुमान | 84 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 75 | संतोषजनक |
| **आइटीओ** | | |
| आज का अनुमान | 69 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 60 | संतोषजनक |
| **नरेला** | | |
| आज का अनुमान | 97 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 88 | संतोषजनक |
| **बवाना** | | |
| आज का अनुमान | 86 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 77 | संतोषजनक |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 107 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 98 | संतोषजनक |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 75 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 66 | संतोषजनक |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 97 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 88 | संतोषजनक |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 108 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 99 | संतोषजनक |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 71 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 62 | संतोषजनक |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

दैनिक जागरण संगिनी
जिंदगी के हर पहलू की
वर्दी बढ़ाती आत्मविश्वास जांबाज महिला पुलिसकर्मी प्रेरणास्रोत हैं नारी शक्ति की
उनसे बहुत कुछ सीखा अभिनेत्री मनीषा कोईराला किसके लिए कह रही हैं यह बात
आज भी गांव नहीं भूला हूं अभिनेता राजवीर सिंह क्यों नहीं भूले हैं अपना गांव
पढ़ें इस शनिवार

## प्रतिनियुक्ति पर मुख्य नर्सिंग अधिकारी की नियुक्ति का विरोध

**राज्य ब्यूरो, जागरण: नई दिल्ली:** एम्स नर्सिंग यूनियन ने अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर मुख्य नर्सिंग अधिकारी (सीएनओ) की नियुक्ति की पहल का विरोध किया है। यूनियन ने बाकायदा एम्स निदेशक को पत्र लिखकर प्रतिनियुक्ति पर मुख्य नर्सिंग अधिकारी की नियुक्ति के लिए मांगे गए आवेदन की प्रक्रिया को रोकने की मांग की है। यूनियन ने पत्र में लिखा है कि एम्स में बड़ी संख्या में दक्ष और अनुभवी नर्सिंग अधिकारी हैं। प्रतिनियुक्ति पर मुख्य नर्सिंग अधिकारी की नियुक्ति होने से एम्स के नर्सिंग अधिकारियों का मनोबल गिरेगा। इसलिए, प्रतिनियुक्ति पर मुख्य नर्सिंग अधिकारी की नियुक्ति का नोटिस वापस लिया जाए। एम्स के नर्सिंग अधिकारी कहते हैं कि संस्थान में कभी प्रतिनियुक्ति पर मुख्य नर्सिंग अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई।

## हल्की वर्षा में जलजमाव के लिए आप सरकार जिम्मेदार : सचदेवा


**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** हल्की वर्षा में ही दिल्ली के कई क्षेत्रों में जलजमाव व यातायात जाम के लिए भाजपा ने आप सरकार और नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, एक दिन पहले तक दिल्ली एक-एक बूंद के लिए तरस रही थी और अब पानी में डूब रही है। कुछ दिनों पहले भी भाजपा ने नालों की सफाई नहीं होने का मामला उठा कर सरकार और निगम को सचेत किया था, लेकिन इस सरकार और निगम पर इसका कोई असर नहीं हुआ। अभी तक नालों की सफाई नहीं हुई है। दिल्ली में लगभग सात सौ प्रमुख नाले हैं जिसमें से बमुश्किल डेढ़ सौ की सफाई हुई है। भ्रष्टाचार के कारण नालों की सफाई नहीं होती है। सरकार को बताना चाहिए कि क्या नालों की सफाई भी हरियाणा सरकार कराएगी?



वीरेंद्र सचदेवा

## आप सरकार के दावों की पोल प्री मानसून में खुली : कांग्रेस

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मानसून पूर्व की वर्षा ने ही दिल्ली सरकार, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, बाढ़ सिंचाई विभाग और निगम के 82 प्रतिशत गाद निकालने की पोल खोल दी है। कुछ ही देर की वर्षा के बाद जिस तरह सड़कों पर जलभराव और यातायात प्रभावित हुआ, उसने साबित कर दिया है कि दिल्ली सरकार सहित सभी एजेंसियों ने नालों, नालियों से गाद निकालने का काम सिर्फ दस्तावेज की खानापूरी के लिए किया है। यादव ने आरोप लगाया कि हर वर्ष नालों से गाद निकालने के नाम पर करोड़ों का भ्रष्टाचार होता है। कांग्रेस के 15 वर्षों के शासन में भी यही दिल्ली थी, कभी भी दिल्ली वालों को जलभराव की समस्या से नहीं जूझना पड़ा।



देवेंद्र यादव

MANGALAYATAN UNIVERSITY
ALIGARH
Learn Today to Lead Tomorrow
NAAC A+ GRADE
Recognized by UGC | Member of AIU | Approved by NCTE | Approved by PCI | Approved by BCI | Approved By NCISM
Mr. Ashutosh Rana Actor Brand Ambassador
100% PLACEMENT ASSISTANCE
5000+ Students from India & Abroad | 70+ Wide range of course | 400+ Top Corporate Recruiters | 150+ High-Tech Laboratories | 25000+ Alumni Trust Base
ADMISSION OPEN 2024-25
PROGRAMS OFFERED
• B.Pharm • BCA
• D.Pharm • BBA
• BPT • MBA
• BMLT • BA LL.B
• BRIT • LL.B
• BOT • B.Ed.
• B.Sc. (Biotech) • B.A. B.Ed
• B.Sc. (Agri) • B.Sc. B.Ed.
• B.Sc. (Forensic Sc.) • BHMCT
• BA - Fine Arts
B.Tech (CSE)
CSE - AI & ML
CSE - Cyber Security
CSE - Data Science
B.Tech
ME/CE/EE/ECE
Polytechnic
Diploma Engineering
CSE/EE/CE/ME/ECE
UP TO 100% SCHOLARSHIP FOR MERITORIOUS STUDENTS
HIGHLIGHTS:
Incubation Centers for Nurturing Start-Ups
93% Placement in the last 5 years
30 Acre Sports Area for outdoor and indoor games
Separate Hostels for Boys and Girls
Extended NCR, 33rd Milestone, Mathura-Aligarh Highway, Beswan, Aligarh, Uttar Pradesh 202145
09359 555 555
07500 011 188
APPLY NOW

मेघदूत
38 वर्षों
आपके बालों की आयुर्वेदिक सुरक्षा!
For Healthy & Shiny Natural Hair
मेघदूत सत्रीठा
गुण: मेघदूत सत्रीठा आयुर्वेदिक सत् का नियमित प्रयोग सिर की त्वचा को पोषण प्रदान कर रूसी-खुश्की, बालों का झड़ना, टूटना, गिरना और दोमुहे आदि समस्याओं में गुणकारी औषधि।
महाभृंगराज तेल
गुण: बालों का झड़ना, सिर की त्वचा में खुजली, बालों का प्राकृतिक रूप से बढ़ना, बालों का असमय सफेद होना आदि मे मदद करे।
MAHA BHRINGRAJ OIL
FREE
सत्रीठा AYURVEDIC
AMLA, REETHA & BHRINGRAJ
चिकित्सकीय परामर्शानुसार प्रयोग करें।
For Trade Inquiry: Ph.: 7617003671, 9235623142
मेघदूत के समस्त उत्पाद मेडिकल स्टोर, आयुर्वेदिक स्टोर व खादी भंडारों पर उपलब्ध है।

********

## बिहार में परीक्षा से चार दिन पहले लीक हुआ था सिपाही भर्ती का पेपर

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना :** पिछले साल 21 हजार से अधिक पदों के लिए एक अक्टूबर को ली गई बिहार पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र परीक्षा से चार दिन पहले लीक हो गया था। हाल ही में नीट और शिक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्न-पत्र लीक करने का आरोपित नालंदा का संजीव मुखिया ही सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का भी मुख्य आरोपित है। मामले की जांच कर रही आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने पूरे मामले का राजफाश कर दिया है। इस प्रकरण में बिहार और बंगाल से सात लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

बता दें कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक में पहले ही गिरफ्तार संजीव मुखिया के बेटे समेत अन्य सात आरोपितों को रिमांड पर लिया गया है। सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए करीब 18 लाख अभ्यर्थियों ने फार्म भरे थे। एक अक्टूबर को दो पालियों में परीक्षा ली गई थी, मगर परीक्षा से पहले ही प्रश्न-पत्र की आंसर-की वाट्सएप, फेसबुक जैसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गई। इसके बाद परीक्षा को रद कर दिया गया और सात व 15 अक्टूबर को होने वाली परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया गया था।

# परीक्षाओं की गड़बड़ी पर राजनीति नहीं, मिलकर ठोस उपाय करें : द्रौपदी मुर्मु

### राष्ट्रपति ने राजनीतिक दलों को दी नसीहत

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने अभिभाषण में न सिर्फ परीक्षाओं की गड़बड़ी का जिक्र किया बल्कि इस पर राजनीति कर रहे दलों को भी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी की घटनाएं देखने को मिल रही हैं, ऐसे में दलीय राजनीति से ऊपर उठकर इसे रोकने के लिए देशव्यापी ठोस उपाय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्ती हो या फिर परीक्षाएं, किसी कारण से इनमें रुकावट आए, ये उचित नहीं है।

राष्ट्रपति ने इस दौरान बताया कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले, इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। परीक्षा में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की घटनाओं में सरकार के रुख को रखा और कहा कि सरकार इन सभी गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच व दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा



18 वीं लोकसभा के पहले सत्र को संबोधित करतीं राष्ट्रपति मुर्मु ● प्रेट्र

दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इससे पूर्व कई राज्यों में हुई पेपर-लीक की घटनाओं का जिक्र किया।

मुर्मु ने कहा कि सरकार परीक्षाओं की पारदर्शिता को लेकर लगातार काम कर ही है। हाल ही में संसद से ही परीक्षा में गड़बड़ियों को रोकने के लिए एक सख्त कानून बनाया है। सरकार परीक्षाओं से जुड़ी संस्थाओं, उनके कामकाज के तरीके व परीक्षा प्रक्रिया आदि को लेकर बड़े सुधारों पर भी काम कर रही है। हाल ही में संसद से ही परीक्षा में गड़बड़ियों को रोकने के लिए एक सख्त कानून बनाया है।

## संसद में नीट धांधली पर कार्यस्थगन प्रस्ताव से सरकार को घेरेगा विपक्ष

संजय मिश्र ● जागरण

- आइएनडीआइए के शीर्ष नेताओं की रणनीतिक बैठक में हुआ फैसला, तकरार के पूरे आसार
- नीट के अलावा महंगाई, बेरोजगारी जैसे कई विषयों को भी उठाने की बनी रणनीति

**नई दिल्ली :** 18वीं लोकसभा के पहले कार्य दिवस के दिन मेडिकल की नीट परीक्षा में हुई गंभीर धांधली के मुद्दे पर संसद में सरकार और विपक्ष के बीच शुक्रवार को तीखी तकरार के आसार हैं। विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने एकजुट होकर लोकसभा में नीट पेपर लीक मामले में दोनों सदनों में कार्यस्थगन प्रस्ताव लाने का फैसला किया है।

राज्यसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में दोनों सदनों में सभी विपक्षी दलों के नेताओं की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विपक्षी नेताओं ने एक सुर से बैठक में यह राय जाहिर कि नीट और पेपर लीक की घटनाएं बेहद गंभीर हैं जो देश के लाखों युवाओं के भविष्य को दांव पर लगा रही हैं। ऐसे में सबसे पहले लोकसभा में इसे उठाते हुए सरकार की विफलता को उजागर किया जाए। नीट के अलावा सत्र के दौरान बेरोजगारी, महंगाई, राज्यों के वित्तीय अधिकारों के साथ संघीय ढांचे पर चोट, राजनीतिक बदले के लिए सीबीआइ-ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग जैसे छह अन्य विषयों को भी विपक्ष उठाएगा।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष के सरकारी आवास पर हुई विपक्षी नेताओं की बैठक में मौजूद लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नीट मामले में सरकार को बचकर नहीं निकलने दिया जा सकता, क्योंकि हमारे लाखों युवाओं के भविष्य का सवाल है। द्रमुक, सपा, तृणमूल नेताओं ने भी सहमति दी।

# क्या ओएमआर शीट को लेकर शिकायत दर्ज करने की कोई समय सीमा है: सुप्रीम कोर्ट

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट-यूजी मामले में एक नई याचिका पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से पूछा कि क्या ओएमआर शीट के बारे में शिकायत करने के लिए कोई समय सीमा तय है। कोर्ट ने याचिका पर एनटीए को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले में आठ जुलाई को पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही सुनवाई की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश कालीन पीठ ने जाइलम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। हालांकि, कोर्ट ने कोचिंग संस्थान द्वारा अनुच्छेद-32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल किये जाने पर भी सवाल किया और पूछा कि इस मामले में संस्थान के मौलिक अधिकार किस तरह से प्रभावित होते हैं। लेकिन, याचिकाकर्ता की ओर से बहस कर रहे वरिष्ठ वकील आर. बसंत ने बात संभालते हुए कहा कि याचिका में दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर के याचिकाकर्ता छात्र हैं जिन्होंने नीट-यूजी परीक्षा दी है।

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता छात्रों को ओएमआर शीट नहीं मिली है। वहीं, कोर्ट में मौजूद एनटीए के वकील वर्धमान कौशिक ने कहा कि सभी की ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों पर नोटिस जारी कर आठ जुलाई को एक साथ सुनवाई का आदेश दे रखा है।



- नीट मामले में दाखिल नई याचिका पर एनटीए को नोटिस जारी किया
- आठ जुलाई को सभी अन्य याचिकाओं के साथ होगी सुनवाई
- कोर्ट ने कोचिंग द्वारा याचिका दाखिल करने पर भी किया सवाल

### सीबीआइ ने गोधरा में नीट उम्मीदवारों और स्कूल के मालिक के दर्ज किए बयान

**गोधरा, प्रेट्र:** नीट-यूजी पेपर लीक की जांच कर रही सीबीआइ की टीम ने गुरुवार को उन तीन उम्मीदवारों के बयान दर्ज किए, जिन्होंने गुजरात के गोधरा के पास एक निजी स्कूल में आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा को पास करने के लिए एक आरोपित को भुगतान किया था। एक अधिकारी ने कहा कि सीबीआइ ने गोधरा सर्किट हाउस में स्थानीय जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल से भी पूछताछ की।

### पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्न के आरोप पर कोर्ट ने मांगा जवाब

**जासं, नई दिल्ली:** नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा में पाठ्यक्रम से बाहर से प्रश्न पूछे जाने के आरोप पर दिल्ली हाई कोर्ट ने एनटीए से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी। नीट के एक अभ्यर्थी ने इस संबंध में दायर याचिका में दावा किया कि भौतिकी अनुभाग में एक प्रश्न रेडियोधर्मिता पर आधारित था, जबकि रेडियोधर्मिता विषय इस वर्ष के नीट-यूजी के पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था। उसने एक अन्य प्रश्न के संबंध में आरोप लगाया कि एनटीए ने गलत विकल्प को सही उत्तर घोषित किया।




## संसद में 'आप' का प्रदर्शन...

नई दिल्ली के संसद परिसर में गुरुवार को सीबीआइ और ईडी के दुरुपयोग को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया ● प्रेट्र

# योगी ने राजभर को तलब कर जताई नाराजगी

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ :** पेपर लीक में एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा के विधायक बेदी राम का नाम आने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को तलब किया। योगी के कार्यालय की ओर से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया, लेकिन सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने बेदी राम के इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो को बेहद गंभीरता से लेते हुए राजभर से कड़ी नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि योगी ने पंचायतीराज व अल्पसंख्यक

- पेपर लीक में नाम आने पर सुभासपा विधायक बेदी राम की मुश्किलें बढ़नी तय
- एनडीए के सहयोगी दल का विधायक होने पर विपक्षी दलों ने भाजपा को घेरा

विभाग के मंत्री राजभर से विधायक पर पार्टी के स्तर से कार्रवाई करने और जांच में विधायक बेदी राम की पेपर लीक में संलिप्तता पाने पर बेहद कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान राजभर के बेटे व सुभासपा के प्रमुख महासचिव डा. अरविंद राजभर भी मौजूद रहे।

सहयोगी दल के विधायक का पेपर लीक को लेकर वीडियो ने भाजपा के लिए असहज स्थितियां पैदा कर दी हैं। इंटरनेट मीडिया पर बेदी राम का ताजा वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला सियासी रंग ले चुका है। प्रकरण में पहले कांग्रेस ने और फिर गुरुवार को सपा ने बेदी राम को लेकर भाजपा पर सीधा हमला बोला है। दोनों ही दलों ने सुभासपा विधायक पर कार्रवाई की मांग उठाते हुए भाजपा को घेरने की कोशिश की है। उधर, इंटरनेट मीडिया पर उनके वीडियो प्रसारित होने के बाद एक एक्स यूजर की पोस्ट के आधार पर गाजीपुर पुलिस ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है।






## ...उपलब्ध होगी न्यायश्रुति की सुविधा

प्रथम पृष्ठ से आगे

डाक्टरों और उपचाराधीन गवाहों के लिए सभी अस्पतालों में भी न्यायश्रुति की सुविधा उपलब्ध होगी। नई प्रणाली के तहत किसी की गवाही की जरूरत पड़ने पर पुलिस, जिलाधिकारी, एसडीएम या अदालत ई-समन भेजकर गवाह को तलब करेंगे, लेकिन साथ ही न्यायश्रुति प्लेटफार्म के सहारे उसे गवाही के समय और तारीख के साथ एक लिंक भेजा जाएगा। तय समय पर गवाह कोर्ट, थाना या फिर अपने स्थान से ही अपने कंप्यूटर, लैपटाप या मोबाइल पर इस लिंक को खोलकर अपना बयान दर्ज करा सकता है। इसी तरह पुलिस अधिकारी भी इसी न्यायश्रुति प्लेटफार्म के जरिये अदालत के सामने अपना बयान दर्ज करा सकता है।

इसी तरह से जांच से जुड़े पुलिस अधिकारियों के लिए ई-साक्ष्य एप डेवलप किया गया है। यह एप गूगल एप और आइओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। छापे के दौरान मिले सुबूतों को इस एप पर उसी वक्त अपलोड करना होगा और इसके साथ ही संबंधित जांच अधिकारी को छापे के बारे में अपना वीडियो भी अपलोड करना होगा। ई-साक्ष्य पर अपलोड किए गए सुबूत अदालत के ई-कोर्ट प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध होंगे। यानी पुलिस को अलग से इन सुबूतों को अदालत के सामने पेश करने की जरूरत नहीं होगी। अदालत ई-कोर्ट प्लेटफार्म पर संबंधित केस का सुबूत देख सकती है। यह प्लेटफार्म और एप नेशनल इंफोर्मेटिकअस सेंटर (एनआइसी) और ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च डेवलपमेंट (बीपीआरडी) ने मिलकर तैयार किया है। गौरतलब है कि नए आपराधिक कानून एक जुलाई से क्रियान्वित होने जा रहे हैं जोआइपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एवेडेंस एक्ट की जगह लेंगे।

## नए आपराधिक कानूनों के विरुद्ध याचिका

**नई दिल्ली, एएनआइ :** नए संशोधित आपराधिक कानून विधेयकों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। नई आपराधिक न्याय प्रणाली एक जुलाई से लागू होने जा रही है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से अनुरोध किया है कि वह एक विशेषज्ञ समिति गठित करने को निर्देश जारी करे। यह समिति आपराधिक कानूनों में सुधार करने और भारतीय दंड संहिता 1860, आईपीसी व भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को समाप्त करने के उद्देश्य से नए संशोधित आपराधिक कानूनों की व्यवहार्यता का आकलन और पहचान करे। याचिका में इन तीनों नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है।

## जेपीएनआइसी की फाइल गायब, रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** सपा सरकार में बने जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआइसी) की डीपीआर न मिलने पर राज्य सरकार ने एलडीए को एफआइआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

गोमतीनगर में एलडीए कार्यालय के पास ही 18 मंजिल के जेपीएनआइसी का निर्माण 2013 से 2016 के दरमियान 864 करोड़ रुपये में किया गया था। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते जेपीएनआइसी के किए गए निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत पर योगी सरकार द्वारा 2017 में परियोजना की जांच कराने का निर्णय किया गया था। जांच कर रही टीम द्वारा एलडीए से लगातार जेपीएनआइसी की सभी डीपीआर की मांग की जा रही थी, लेकिन एलडीए की ओर से उसे नहीं दिया गया। अब कहा जा रहा है कि डीपीआर गायब हैं। ऐसे में आवास एवं शहरी नियोजन के अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने एलडीए उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी को एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## भिखारी को कार में जिंदा जलाकर लिया बेटे का 56 लाख रुपये का क्लेम

**जागरण संवाददाता, आगरा :** 30 जून, 2006 में आगरा में एक युवक जिंदा जल गया था। शिनाख्त गाजियाबाद के कपड़ा कारोबारी विजयपाल ने अपने बेटे अनिल के रूप में की। पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगाई और कारोबारी ने बेटे का 56 लाख रुपये का बीमा क्लेम ले लिया। गोपनीय शिकायत पर अहमदाबाद पुलिस ने जांच की तो 18 साल बाद हादसे का चौंकाने वाला पर्दाफाश हुआ। कारोबारी ने बेटे अनिल का बीमा पाने के लिए कार में एक भिखारी को जिंदा जला दिया था। गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद में अनिल को गिरफ्तार किया और आगरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने साजिश में शामिल रामवीर सिंह को जेल भेज दिया है।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि 2006 में विद्युत पोल से टकराने के बाद जली कार में ड्राइविंग सीट पर बैठा युवक पूरी तरह जल गया था। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर मूलरूप से भट्टा पारसौल (दनकौर) निवासी विजयपाल सिंह से संपर्क किया। विजयपाल ने बताया कि उनका बेटा कारोबार के सिलसिले में कार से आगरा गया था। उसने जले हुए शव की पहचान बेटे अनिल के रूप में की। मृत्यु प्रमाण-पत्र बनने के बाद बीमा क्लेम के रूप में 56 लाख रुपये ले लिए। पुलिस ने इसके बाद फाइल बंद कर दी।

## अफवाहें फैलाकर लोकतंत्र को किया जा रहा कमजोर : मुर्मु

प्रथम पृष्ठ से आगे

मुर्मु ने कहा कि संचार क्रांति के दौर में गलत सूचनाओं के जरिये अफवाहें फैलाकर लोकतंत्र को कमजोर और जनता को भ्रमित किया जा रहा है। ऐसी ताकतें देश के भीतर भी हैं और बाहर से भी संचालित हो रही हैं। इसे ऐसे ही बेरोकटोक नहीं चलने दिया जा सकता। निपटने के लिए नए रास्ते तलाशने की जरूरत है।

आने वाले बजट सत्र के लिए भी राष्ट्रपति ने सदन में विपक्ष को सकारात्मक रहने की हिदायत देते हुए कहा कि नीतियों का विरोध करना और संसद को बाधित करना दो अलग-अलग चीजें हैं। जब संसद सुचारू रूप से चलती है और स्वस्थ परिचर्चा होती है तो लोगों का विश्वास सरकार के साथ-साथ पूरी व्यवस्था पर बनता है। विरोध की प्रवृत्ति को हमें रोकना होगा।

राष्ट्रपति ने सरकार से देश के सैन्य क्षेत्र में सुधार को जारी रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त देश के लिए सैन्यबलों में आधुनिकता जरूरी है। युद्ध में सर्वश्रेष्ठ रहने के लिए सेनाओं में सुधार की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। 10 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए राष्ट्रपति ने सरकार की सराहना भी की और माना कि इस क्षेत्र में अनेक सुधार हुए हैं। आत्मनिर्भर बनने का प्रयास हुआ है। भारत आज एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की रक्षा मैन्यूफैक्चरिंग कर रहा है। रक्षा निर्यात में 18 गुना वृद्धि हुई है। फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल का सौदा हुआ है। जरूरतों की 70 प्रतिशत खरीद स्वदेशी उद्योगों से की जा रही है। हथियार और उपकरण अब सिर्फ भारतीय कंपनियों से ही खरीदे जा रहे हैं।

**पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने को सरकार प्रतिबद्ध:** राष्ट्रपति ने पेपर लीक के विरुद्ध लाए गए कानून का जिक्र करते हुए दोनों पक्षों से दलीय राजनीति से ऊपर उठकर काम करने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं होती रही हैं।

भविष्य में ऐसा कोई मामला न आए, इसके लिए सख्त उपाय किए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। राष्ट्रपति ने अभिभाषण का अंत सदस्यों से विकसित भारत के लिए कर्तव्यनिष्ठा के साथ राष्ट्रीय संकल्पों की सिद्धि में जुट जाने के आग्रह के साथ किया।


National Institute of Food Technology Entrepreneurship & Management, Kundli (NIFTEM-K)
MOFPI — MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES, GOVERNMENT OF INDIA
AN INSTITUTE OF NATIONAL IMPORTANCE
Open House discussion 5th July 2024
Applications are invited for
B.Tech. | FOOD TECHNOLOGY & MANAGEMENT
MODES OF ADMISSION
Through JoSAA/CSAB 2024 / 100 SEATS
(Refer JoSAA/CSAB 2024 website for guidelines & updates)
Direct Admission (Through NIFTEM-K) / 100 SEATS
Last Date of Application: 10th July 2024
MBA PROGRAMME
Last Date of Application: 2nd July 2024
B.Tech. Eligibility: Minimum 60% Marks in 12th Board Exams or equivalent considering 5 subjects (PCM/PCB + English + One additional subject) for GEN and OBC candidates, 55% for SC/ST/PwD candidates. Candidates must have JEE/NEET/CUET (Science) score for the year 2024.
MBA Eligibility: Bachelor's Degree or Equivalent, with minimum 50% aggregate marks, 45% in case of SC/ST, or equivalent CGPA. Valid scores of CAT/MAT/CMAT for 2023 will be considered.
To know more — Scan the QR Code
For further details, please refer to www.niftem.ac.in
Plot No. 97, Sector 56, HSIIDC Industrial Estate, Kundli, District-Sonepat, Haryana-131028
Phone: +91-130- 2281000 , +91-130-2219759-64, Email: info@niftem.ac.in



Grade 'A' by NAAC & Category 'A' by Ministry of Education
JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE
(DEEMED-TO-BE UNIVERSITY)
Ladnun-341306, Rajasthan | www.jvbi.ac.in
ADMISSIONS OPEN
Regular Courses Ph.D. & MA: Jainology and Comparative Religion & Philosophy • Prakrit • Sanskrit • Nonviolence & Peace • Political Science • Yoga & Science of Living • English • M.Ed.# UG: B.A.* • B.Com.* • B.Sc.* • B.A./B.Sc. in Yoga and Science of Living • B.Ed.# • B.A.-B.Ed.# • B.Sc.-B.Ed.#
* For women only. # Admissions through State Level Entrance Examinations. Last Date for Ph.D.: July 08, 2024, Regular Programmes: July 22, 2024
Online Certificate Courses Jyotish • Vastu • Jain Agam • Jain Religion and Philosophy • Philosophical Counselling: Experiments with Self • Prakrit (Basic & Advanced) • Prakrit ka Samanya Bodh • Sanskrit (Basic & Advanced) • Be Incharge of Yourself (Dietetics) • Yoga and Science of Living • Yoga and Naturopathy • Rajasthani Language and Literature
Correspondence Courses PG: Jainology • Hindi • English • Yoga and Science of Living • Nonviolence and Peace; • Political Science UG: B.A. • B.Com. ...and various Certificate Courses
APPLY SOON Last Date of Admission for Distance Programmes: August 31, 2024
For online admission visit: www.online.jvbi.ac.in
Upcoming Programme : Bachelor of Naturopathy and Yogic Sciences (BNYS)
ACHARYA MAHAPRAJNA NATUROPATHY CENTRE
A unit of Jain Vishva Bharati Institute, Ladnun, Rajasthan
FEATURES: • Full Day Treatment • Experienced Doctors • Detox & Rejuvenation • Yoga Studio & Outdoor Gym • Comfortable Stay & Hospitality
THERAPIES: • Colon & Hydrotherapy • Shirodhara, Panchkarma • Mud, Stone & Cupping Therapy • Steam, Sauna & Jacuzzi • Circular Jet, Spine Jet ...and many more
Separate Treatment Facility for Male & Female
Book Now 8209184651, 8155818069 www.naturopathy.jvbi.ac.in naturopathy@jvbi.ac.in
For more details visit: www.jvbi.ac.in | Email: jvbiladnun@gmail.com | Mob. 9462658501, 8209184651, 9414961688



अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान)
गौतमपुरी, सरिता विहार, मथुरा रोड, नई दिल्ली—110076
ई—मेल: director@aiia.gov.in

विज्ञापन सं. एआईआईए/भर्ती/01/2024 — 24 जून, 2024

संस्थान अपने एआईआईए, नई दिल्ली एवं एआईआईए, गोवा स्थित सैटेलाइट सेंटर में सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने वाले निम्नलिखित फैकल्टी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | पद | पदों की संख्या/श्रेणी | वेतनमान | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|
| | एआईआईए, नई दिल्ली कैंपस के लिए | | | |
| 1. | प्रोफेसर | | | |
| | क) कायाचिकित्सा/शल्य/पीटीएसआर | 1 (एसटी) | लेवल—14ए (एकेडेमिक) | प्रतिनियुक्ति के स्थान पर सीधी भर्ती द्वारा |
| | ख) ट्रांसलेशन रिसर्च | 1 (एससी) | | |
| | ग) फार्माकोलॉजी | 1 (यूआर) | | |
| 2. | एडिशनल प्रोफेसर | | | |
| | क) रोग निदान एवं विकृति विज्ञान | 1 (यूआर) | लेवल—13ए2 (एकेडेमिक) | प्रतिनियुक्ति |
| | ख) पंचकर्म | 1 (यूआर) | | |
| 3. | एसोसिएट प्रोफेसर | | | |
| | क) क्रिया शरीर | 1 (यूआर) | लेवल—13ए1 (एकेडेमिक) | प्रतिनियुक्ति के स्थान पर सीधी भर्ती द्वारा |
| | ख) शल्य तंत्र | 1 (यूआर) | | |
| | ग) स्वस्थवृत्त | 1 (यूआर) | | |
| | घ) संहिता सिद्धांत | 1 (एसटी) | | |
| | एआईआईए, गोवा कैंपस के लिए | | | |
| 4. | एसोसिएट प्रोफेसर | | लेवल—13ए1 (एकेडेमिक) | प्रतिनियुक्ति के स्थान पर सीधी भर्ती द्वारा |
| | क) द्रव्यगुण | 1 (ओबीसी) | | |
| | ख) अगद तंत्र एवं विधि वैद्यक | 1 (यूआर) | | |
| | ग) कौमारभृत्य | 1 (यूआर) | | |
| | घ) रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना | 1 (ओबीसी) | | |
| | ङ) कायाचिकित्सा | 1 (यूआर) | | |
| | च) प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग | 1 (ईडब्ल्यूएस) | | |
| | छ) पंचकर्म | 1 (यूआर) | | |
| | ज) रोग निदान एवं विकृति विज्ञान | 1 (ओबीसी) | | |
| | झ) शालाक्य तंत्र | 1 (यूआर) | | |
| | (ञ) शल्य तंत्र | 1 (ओबीसी) | | |
| | (ट) स्वस्थवृत्त | 1 (एससी) | | |

अर्हता, अनुभव, आवेदन के निर्धारित प्रारूप एवं नियम व शर्तों के विवरण के लिए कृपया एआईआईए की वेबसाइट https://aiia.gov.in तथा https://aiiarecruitment.org पर विजिट करें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 है।
निदेशक

संपादकीय जागरण

शुक्रवार, 28 जून, 2024: आषाढ़ कृष्ण-7 वि. 2081

हर इंसान इस पृथ्वी पर ईश्वर का मेहमान है

# अनावश्यक आपत्ति

**नई लोकसभा** के गठन के बाद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा, उससे मोदी सरकार के एजेंडे की ही झलक मिली। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि ऐसे अवसरों पर राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की रूपरेखा को ही रेखांकित करता है। भले ही प्रधानमंत्री मोदी गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हों, लेकिन राष्ट्रपति के अभिभाषण से यही स्पष्ट होता है कि यह सरकार पहले की तरह ही कार्य करेगी और उन कामों को पूरा करने पर विशेष ध्यान देगी, जिनका उल्लेख प्रधानमंत्री पिछले कुछ समय से लगातार करते आ रहे हैं। इस सबके बाद भी वह इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि अपने तीसरे कार्यकाल में उन्हें संसद के भीतर और बाहर विपक्ष के तीखे तेवरों का सामना करना पड़ेगा। इसका एक बड़ा कारण उसके संख्याबल में वृद्धि होना है। संख्याबल में वृद्धि के चलते विपक्ष को जहां लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल हुआ है, वहीं दूसरी ओर उसका मनोबल भी बढ़ा है। बीते तीन-चार दिनों में संसद में जो कुछ हुआ, उससे विपक्ष के बढ़े हुए मनोबल का ही पता चलता है। विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है, लेकिन उचित यह होगा कि वह विरोध के लिए विरोध वाले रवैये का परित्याग करे। इसके स्थान पर उसे रचनात्मक विरोध का परिचय देना चाहिए। दुर्भाग्य से फिलहाल इसके आसार कम ही हैं और इसका संकेत राष्ट्रपति के अभिभाषण के कुछ बिंदुओं पर विपक्षी नेताओं की अनावश्यक आपत्ति से मिलता है। यह कोई नई-अनोखी या गोपनीय बात नहीं कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की ओर से तैयार किया जाता है। आखिर ऐसे में यह कहने का क्या मतलब कि उनका अभिभाषण तो सरकारी भाषण है। ऐसा तो होता ही है।

यह आश्चर्यजनक है कि विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के उन बिंदुओं पर भी हंगामा किया, जिनका कोई औचित्य नहीं था। जब राष्ट्रपति ने प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ठोस उपाय करने की जरूरत जताई तो विपक्ष को यह रास नहीं आया। क्या यह एक तथ्य नहीं कि बीते पांच वर्षों में केंद्रीय स्तर के साथ ही राज्य स्तर की भी अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं? विपक्ष तब भी आपे से बाहर होता हुआ दिखा, जब राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आपातकाल के काले कारनामों को याद किया। आखिर विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस आपातकाल के जिक्र मात्र से क्यों भड़क जा रही है? कांग्रेस नेता आपातकाल का उल्लेख भर किए जाने से जिस तरह बिदक रहे हैं, उससे तो वे यही साबित कर रहे हैं कि आपातकाल का स्मरण किया जाना क्यों आवश्यक है। यह हैरानी ही नहीं, चिंता का भी विषय है कि कांग्रेस को आपातकाल के स्मरण पर भी आपत्ति है। बेहतर होगा कि सरकार का विरोध करते समय विपक्ष तनिक तार्किक रवैया अपनाए।

# तय हो जवाबदेही


**दिल्ली में** प्री-मानसून की पहली तेज वर्षा में कई स्थानों पर जलभराव व उसके कारण यातायात जाम होना अत्यंत निराशाजनक है। यह स्थिति राजधानी के स्थानीय निकायों के मानसून को लेकर किए गए प्रबंधों के दावों की पोल खोलती है। एमसीडी द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार राजधानी में 32 स्थानों पर जलभराव हुआ, जबकि अन्य इलाकों को मिला लें तो राजधानी में 50 से अधिक स्थानों पर जलभराव हुआ, जिसके कारण पूरी दिल्ली में विभिन्न इलाकों में भारी यातायात जाम लगा।

जलभराव और जाम के कारण दिल्लीवासियों और एनसीआर के शहरों से दिल्ली में आवाजाही करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा

जलभराव और जाम के कारण दिल्लीवासियों और एनसीआर के शहरों से दिल्ली में आवाजाही करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से सुबह के समय अपने कार्यालयों व कामकाज पर जाने वालों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। यह स्थिति तब है, जबकि दिल्ली सरकार का पीडब्ल्यूडी विभाग और एमसीडी अपने-अपने नालों और जल बोर्ड अपनी सीवर लाइनों की सफाई का काम पूरा होने को लेकर लगातार दावे कर रहे थे। यह पहली बार नहीं है कि दिल्ली में मानसून आने से पहले ही इन विभागों की पोल खुली है। हर साल ये विभाग नालों और सीवर लाइनों की सफाई को लेकर दावे करते हैं और यह एक तथ्य है कि हर साल दिल्ली की जनता को जलभराव और उसके कारण यातायात जाम से जूझना पड़ता है। आवश्यकता इस स्थिति को बदलने की है।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या राहुल गांधी के नेता-प्रतिपक्ष बनने का फैसला सही है?**





परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

**आज का सवाल**

क्या लोकसभा में आपातकाल पर लाए गए प्रस्ताव पर कांग्रेस की आपत्ति जायज है?

# तिब्बत की आवाज बने भारत




शंकर शरण

**जिस मुद्दे पर भारत ने चीन से धोखा खाया, उसे यानी तिब्बत को उठाकर ही सही मार्ग पाया जा सकता है**

अमेरिकी सांसदों का एक दल जिस तरह दलाई लामा से धर्मशाला आकर मिला, वह इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दल के सांसदों में नैंसी पेलोसी भी थीं, जिन्होंने अमेरिकी संसद में 'रिसाल्व तिब्बत एक्ट' का विधेयक रखा है। इसमें तिब्बत समस्या के समाधान के लिए चीन पर दबाव डालने की सिफारिश है। इस विधेयक पर अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो जाने से चीन पर तिब्बतियों से बातचीत करने का दबाव बनाने की अमेरिकी गंभीरता झलकेगी। इसका प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर भी पड़ सकेगा। इन देशों में सबसे महत्वपूर्ण भारत है। उल्लेखनीय केवल यह नहीं कि भारत ने अमेरिकी सांसदों के दल को धर्मशाला आकर दलाई लामा से मुलाकात करने की अनुमति दी, बल्कि इस दल से प्रधानमंत्री मोदी ने भी भेंट की। डोकलाम और गलवन घाटी पर भारत-चीन तनाव के संदर्भ में भी इसका संकेत स्पष्ट है। यदि भारत भी कूटनीति में चीन की तरह यथार्थवादी कदम उठाए तो आपसी संबंध सुधार की संभावना बढ़ेगी। केवल सदिच्छा और सांकेतिक बातों से भारत को आज तक कुछ लाभ नहीं हुआ। वस्तुतः तिब्बत ही भारत-चीन संबंधों की बीच की कड़ी है। इसकी अनदेखी से आपसी विश्वास नहीं बन सकेगा।

यहां स्मरणीय है कि बीजिंग में 1954 में हुआ पंचशील समझौता भारत-तिब्बत पर ही था। इस समझौते का शीर्षक ही है: ''चीन के तिब्बत क्षेत्र और भारत के बीच व्यापार और संबंध के बारे में।'' छह अनुच्छेदों के इस संक्षिप्त समझौते में कुल नौ बार तिब्बत का नाम आया है। इसमें से पांच अनुच्छेदों में केवल इसके वर्णन हैं कि भारत-तिब्बत संबंध पूर्ववत चलते रहेंगे। ऐतिहासिक दृष्टि से सौ-पचास साल कुछ नहीं होते। 1951 तक तिब्बत स्वतंत्र देश था। मार्च 1947 में दिल्ली में 'एशियन रिलेशंस कांफ्रेंस' में तिब्बत और चीन, दोनों ने स्वतंत्र देशों की तरह हिस्सा लिया था। इससे पहले 1914 में शिमला में चीन, तिब्बत और भारत ने आपसी सीमांकन समझौता भी किया था। यदि चीन 1890 के दस्तावेज का हवाला देकर डोकलाम को अपना बताता है, तो 1914 के दस्तावेज के अनुसार तिब्बत भी स्वतंत्र देश है। ऐसे तथ्य उठाकर ही भारत, चीन और तिब्बत, तीनों के बीच पहले की तरह परस्परता का संबंध बनने का मार्ग मिल सकता है। यह ठीक है कि 1949 में भारत से भूल हुई जब उसने चीनी कम्युनिस्टों को तिब्बत हड़पने दिया। उसके एवज में चीन ने भारत और तिब्बत को संतुष्ट करने के लिए पंचशील का उपाय किया। उस समझौते का सार यही था कि तिब्बत और भारत के सांस्कृतिक, व्यापारिक, सामाजिक संबंध पहले जैसे चलते रहेंगे-बिना किसी पासपोर्ट, वीजा या परमिट आदि के।



अवधेश राजपूत

यह ऐतिहासिक सत्य है कि भारत और तिब्बत के संबंध सदियों से खुले और पारस्परिक थे, जिसमें चीन का कोई अवरोध न था। जब चीनी नेता पंचशील समझौते का हवाला देते हैं, तो भारतीय नेताओं को कहना चाहिए कि उसके अनुच्छेद दो और पांच के अनुरूप तिब्बती एवं भारतीय तीर्थयात्रियों की बेरोक-टोक यात्राएं पुनर्स्थापित की जाएं। वस्तुतः न्याय और व्यावहारिकता, दोनों का तकाजा है कि पंचशील समझौते के सभी छह अनुच्छेद लागू किए जाएं, अन्यथा तिब्बत और उसकी सहायता के लिए भारत समेत दुनिया के अन्य उदार देश उसी तरह स्वतंत्र हैं, जैसे अन्य देश किसी पीड़ित देश की मदद के लिए होते हैं। निर्मल वर्मा ने तिब्बत को 'संसार का अंतिम उपनिवेश' बताया था। भारत और तिब्बत को अपनी साझी चिंताओं और सांस्कृतिक जरूरतों पर बोलने का पूरा अधिकार है। यही पूरे मामले को सुलझाने का सूत्र है, पर अधिकांश नेता और बुद्धिजीवी 'तिब्बत रीजन आफ चाइना' की शब्दावली में सदैव चाइना पकड़ते हैं और तिब्बत भूल जाते हैं! वास्तव में होना उलटा चाहिए। सदैव तिब्बत का नाम लें और चीन को टोकें। भारत का पड़ोसी पहले तिब्बत है। उसके पार चीन है। पंचशील समझौता होने पर कई पत्र-पत्रिकाओं में खबर का शीर्षक था-भारत-तिब्बत समझौता। इसके दो-तीन दशक बाद भी दुनिया भर के नक्शों में तिब्बत अलग देश ही रहा। दुर्भाग्यवश भारतीय बुद्धिजीवी और नेता कई गंभीर चीजों का नाम लेते हैं, पर उसके अर्थ पर ध्यान नहीं देते, जबकि चीन यथार्थवादी होने के कारण तिब्बत और भारत दोनों के अधिकार से अवगत है। इसीलिए वह दलाई लामा पर सावधान रहता है। उनसे देसी-विदेशी नेताओं के मिलने-जुलने का विरोध करता है, जबकि भारत अपने कर्तव्य से चूक जाता है। यह विचित्र है कि जिस तिब्बत को लेकर भारत का समझौता बीजिंग से हुआ था, उस तिब्बत की बात भारत ही नहीं करता।

चीन द्वारा तिब्बत पर हमले के बाद संपूर्ण विश्व ने पहले भारत की ओर ही देखा था, क्योंकि उससे सर्वाधिक प्रभावित होने वाला देश भारत था। भारत द्वारा चीन का समर्थन करते रहने से ही दुनिया चुप रही। वरना तब तक कम्युनिस्ट चीन महाशक्ति क्या, मान्यता प्राप्त देश तक नहीं था! संयुक्त राष्ट्र में भी 1971 तक फारमोसा (ताइवान) को मान्यता थी। अमेरिका ने 1978 तक कम्युनिस्ट चीन से कूटनीतिक संबंध तक नहीं बनाए थे। यदि तिब्बत पर भारत आवाज उठाता, तो चीन मनमानी नहीं कर सकता था। वह भूल सुधारना भारत का अनिवार्य कर्तव्य है। उस पर चुप्पी रखने से भारत की हानि होती है। यदि भारत ने सहजता से तिब्बत का मुद्दा उठाया होता, तो चीन को भारत के साथ सद्भाव बनाने की चिंता होती। तिब्बत की स्थिति भी सुधरती। जिस मुद्दे पर भारत ने धोखा खाया, उसी को उठाकर यानी तिब्बत से अपने संबंध को महत्व देकर ही सही मार्ग पाया जा सकता है। अभी तिब्बत असहाय लगता है, पर यदि भारत ने इसे विश्व-मंच पर उठा दिया, तो ऐसा नहीं रहेगा। चीनी सत्ता ने अपने देश में तानाशाही को औजार बनाया है, तो अभिव्यक्ति स्वतंत्रता भारत का साधन बन सकता है। तिब्बतियों को वैचारिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक अभियान चलाने में सहायता देना भारत के हाथ में है। ऐसा न करना स्वयं भारत की नैतिक प्रतिज्ञा के विरुद्ध है। विविध सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन, गैर राजनीतिक लोग भी तिब्बत पर आवाज उठा सकते हैं।

भारत-चीन संबंध और तिब्बत की स्वायत्तता का आपस में जुड़ाव है। वर्तमान स्थिति स्थाई नहीं है। चूंकि किसी भी नए घटनाक्रम से हालत बदल सकते हैं, अतः सभी को अपना धर्म निभाना चाहिए। इससे ही वांछित बदलाव होते हैं।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर हैं)

response@jagran.com

# हार कर भी खुशी मनाती कांग्रेस



अवधेश कुमार

**कांग्रेस को भाजपा की सीटें घटने पर आनंदित होने के बजाय अपनी हार का मूल्यांकन करना चाहिए**

गत दिनों राहुल गांधी ने वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा देकर रायबरेली से सांसद रहने का फैसला किया। उत्तर प्रदेश के चुनाव परिणाम से कांग्रेस के अंदर यह विश्वास पैदा हुआ है कि अगर राहुल गांधी ने वहां ध्यान दिया तो अगले आम चुनाव में पार्टी की स्थिति बेहतर हो सकती है और लोकसभा में अंकगणित बदल सकता है। क्या इस चुनाव परिणाम के आधार पर माना जा सकता है कि उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत में कांग्रेस के दिन वापस लौट सकते हैं? चूंकि भाजपा की सीटें घटीं और कांग्रेस तथा कुछ विपक्षी दलों की बढ़ीं, इसलिए उनके अंदर उम्मीद पैदा हुई है कि फिर से हमारा उत्थान हो सकता है, लेकिन कांग्रेस एवं विपक्ष के अन्य दल यह न भूलें कि कांग्रेस 1991 के बाद केवल 2009 में ही 200 का आंकड़ा पार कर 206 की संख्या तक पहुंची थी। इसमें उत्तर प्रदेश से प्राप्त 21 सीटों का बड़ा योगदान था। कांग्रेस का यह संकट आज का नहीं है। 1989 में भी उसे सिर्फ 197 लोकसभा सीटों पर ही विजय मिली थी। 1991 में भी 232 सीटें तब मिली थीं, जब राजीव गांधी की हत्या से कांग्रेस को सहानुभूति मिली थी। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो वह 200 के आंकड़े से नीचे ही होती। 1996 में उसे 140, 1998 में 141, 1999 में 114 तथा 2004 में 145 सीटें मिलीं। 2009 को छोड़ दें तो 2014 में 44, 2019 में 52 और 2024 में 99 सीटें मिलीं। इस तरह पिछले 35 वर्षों में कांग्रेस ने लोकसभा में केवल दो बार 200 का आंकड़ा पार किया। 2009 में उत्तर प्रदेश में मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने सपा को छोड़ कांग्रेस के लिए मतदान किया और इस कारण उसकी सीटें बढ़ीं।

2004 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार का गठन इस कारण हुआ, क्योंकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं और उसके विरोधी दलों ने कांग्रेस के इर्द-गिर्द मोर्चा बना लिया। 2009 में लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में भाजपा उस तरह प्रखर राजनीतिक पार्टी के रूप में चुनाव में नहीं दिखी, जिससे उसका व्यापक समर्थन वर्ग खड़ा हो सके। नरेन्द्र मोदी के आते ही 2014 में पूरी स्थिति वास्तविकता पर लौट आई। एक समय कांग्रेस देश की सबसे बड़ी पार्टी थी। बाद में जनाधार के स्तर पर कांग्रेस ने विचार, व्यवहार एवं व्यक्तित्व यानी नीति, रणनीति और नेता के स्तर पर ऐसा जनाकर्षक परिवर्तन नहीं किया, जो फिर उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम आम भारतीय को उसका प्रतिबद्ध समर्थक बना दे। राहुल गांधी 2004 से सांसद हैं और उत्तर प्रदेश में उसके पहले से सक्रिय हैं। प्रियंका वाड्रा भी लगातार सक्रिय हैं। बावजूद इसके कांग्रेस प्रदेश में अपने पैरों पर आज तक खड़ी नहीं हो सकी है। प्रियंका वाड्रा के कांग्रेस महासचिव बनने तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी होने पर 2019 में कांग्रेस से केवल सोनिया गांधी रायबरेली से निर्वाचित हुई थीं। दक्षिण में केरल में भी भाजपा के कमजोर होने के कारण कांग्रेस नेतृत्व या फिर वाम मोर्चा वाले गठबंधन के चलते ही वहां की ज्यादातर सीटें उसे मिलती रही हैं। आंध्र में कांग्रेस नहीं है। तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन के कारण उसे सीटें मिलती हैं। कर्नाटक में उसकी सरकार रहते हुए भी 1999 को छोड़कर लोकसभा चुनावों में लगातार भाजपा को ज्यादा सीटें मिलती रही हैं। तेलंगाना में अवश्य वह अपना आधार कुछ हद तक प्राप्त कर पाई है। ऐसे में भले राहुल गांधी उत्तर प्रदेश और प्रियंका वाड्रा केरल चली जाएं, इससे कांग्रेस के व्यापक विस्तार की संभावना दिखाई नहीं देती है।



कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी ● प्रेट्र

भाजपा की सीटें घटना उसके स्वयं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। चूंकि इसमें बड़ी भूमिका उसके कार्यकर्ताओं, स्थानीय नेताओं और प्रतिबद्ध समर्थकों की है, जिन्होंने या तो उदासीनता बरती, या बिल्कुल काम नहीं किया या विरोध कर दिया। कांग्रेस भाजपा को ज्यादा नुकसान पहुंचाने या कमजोर करने में वहीं सफल हुई, जहां वह गठबंधन में थी। जैसे-उत्तर प्रदेश में सपा के साथ उसके गठबंधन के कारण भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बनी। गठबंधन में भी कांग्रेस 17 सीटों पर ही लड़ पाई। महाराष्ट्र में राकांपा (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के साथ मिलकर ही कांग्रेस भाजपा को ज्यादा क्षति पहुंचा पाई। बिहार में अगर राजद वाला गठबंधन नहीं हो तो कांग्रेस कहीं नहीं है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी से मिलकर भी सातों सीटें जीतने से कांग्रेस भाजपा को नहीं रोक पाई। जहां कांग्रेस ने भाजपा से सीधा मुकाबला किया उनमें राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक जैसे राज्यों में उसने क्षति पहुंचाई, लेकिन भाजपा वहां कांग्रेस से पीछे नहीं गई। इसके अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि ऐसे राज्य रहे, जहां सीधे संघर्ष में कांग्रेस एक सीट नहीं पा सकी और भाजपा की एकतरफा जीत हुई। बंगाल में वाम मोर्चा से गठबंधन के बावजूद कांग्रेस सफल नहीं हुई। उसके नेता अधीर रंजन चौधरी तक हार गए। ओडिशा में लोकसभा एवं विधानसभा दोनों में वह हाशिये की पार्टी बनी रही। जबकि केरल में भाजपा इस बार एक सीट जीती है तो दो पर दूसरे स्थान में रही है। अगले चुनाव में अगर उसने अपना जनाधार थोड़ा बढ़ाया तो संभव है वहां भी कुछ सीटों का समीकरण बदले। इसी तरह तमिलनाडु में सीटें न जीतते हुए भी भाजपा ने अपना वोट बढ़ाया है।

आम चुनाव परिणाम के इन तथ्यों को ध्यान में रखें तो यथार्थ में कांग्रेस के लिए वैसी उत्साहजनक तस्वीर नहीं नजर आएगी, जैसी दिखाने की कोशिश हो रही है। लगता है कांग्रेस भाजपा की सीटें घटने को ही अपनी बड़ी सफलता मानकर आनंदित हो रही है और इस उत्साह में अपना सही मूल्यांकन नहीं कर पा रही है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### जीवन जीने का ढंग

यदि कोई व्यक्ति कलात्मक ढंग से जीता है तो उसका जीवन बहुत सार्थक और सफल बन जाता है। यदि वह जीवन जीने की कला को नहीं जानता तो उसका जीवन नीरस, बोझिल और निरर्थक हो जाता है। इसके लिए आवश्यक है जीवन में सकारात्मक सोच रखना। जीवन के प्रति हर क्षण जागरूक होना। याद रखें कि दुनिया में सिर्फ दो ही व्यक्ति संपूर्ण हैं। एक मर चुका है, दूसरा अभी पैदा नहीं हुआ है। प्रसिद्धि एवं धन उस समुद्री जल के समान हैं, जितना ज्यादा हम पीते हैं, उतना ही प्यासे होते जाते हैं। जीवन में जितनी अपेक्षाएं बढ़ती हैं, उतने ही दुख भी बढ़ जाते हैं।

हम सब जीवन में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। कुछ ऐसा, जिससे अलग पहचान बन सके। यह चाहते सब हैं, पर कामयाब बहुत कम ही हो पाते हैं। कारण कि हम खुद को पूरी तरह अपने काम में डुबो नहीं पाते। हम यह नहीं जानते कि हम क्या बन सकते हैं। कुछ बड़ा करने के लिए जरूरी है कि हम ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहें। इसके लिए अपने लक्ष्य पर ध्यान होना बेहद जरूरी है।

जीवन में अच्छा या बुरा, सब कुछ घटित होता रहता है। मूल बात है कि आप क्या सोच रहे हैं? अपने सोच के अलावा किसी और चीज पर हमारा काबू भी नहीं होता। हमारे ज्यादातर दुख हमारी अपनी उम्मीदों से पैदा होते हैं। हम खुद से बहुत सारी उम्मीदें लगा लेते हैं। इनमें से भी कई जमीन से न जुड़कर ख्याली होती हैं। इसी कारण एक बार असफल होने पर हम दोबारा कोशिश नहीं करते। वर्तमान जीवनशैली के चलते हमारे जीवन में भागदौड़, अनचाही प्रतिस्पर्धा, हड़बड़ी आदि कई ऐसे नकारात्मक तत्व समा गए हैं, जो जीवन को कठिन बना रहे हैं। शरीर स्वस्थ रहे, यह जीवन का पहला लक्ष्य है। दूसरा लक्ष्य है मन स्वस्थ रहे, प्रसन्न रहे। तीसरा लक्ष्य है भावनाएं स्वस्थ रहें, निर्मल रहें। निषेधात्मक विचार न आएं, मैत्री और करुणा का विकास होता रहे। ये सब जीवनरूपी उद्यान को हरा-भरा बनाने के लिए जरूरी हैं।

ललित गर्ग

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### आपातकाल पर अपना सोच बदले कांग्रेस

'आपातकाल और कांग्रेस' शीर्षक से युक्त संपादकीय में आपातकाल की 50वीं बरसी पर देश की संसद में लाए गए निंदा प्रस्ताव पर कांग्रेस सांसदों के विरोध को लेकर नेता विपक्षी दल राहुल गांधी को जो नसीहत दी गई है, वह कांग्रेस के लिए गौरतलब है। वस्तुतः आपातकाल के संदर्भ में कांग्रेस को अब अपना सोच बदल लेना चाहिए। राहुल गांधी अपनी दादी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल को भुला देने की बात करते हैं, जबकि देश के भावी नेताओं को इसे हमेशा याद रखने की जरूरत है ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो। लोकसभा में नेता विपक्षी दल का महत्वपूर्ण दायित्व संभालने वाले राहुल गांधी को भी अब आपातकाल को लेकर अपने सोच स्पष्ट कर देने चाहिए ताकि लोकसभा की अग्रिम पंक्ति में राहुल के साथ बैठने वाले सपा मुखिया अखिलेश को असमंजस की स्थिति का सामना न करना पड़े। इस संदर्भ में यह स्मरणीय है कि 1975 के आपातकाल में समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव को भी जेल में बंद कर दिया गया था। इन्हीं मुलायम सिंह ने उप्र में सपा की सरकार बनने पर आपातकाल के दौरान जेल में निरुद्ध किए गए लोकतंत्र सेनानियों को पेंशन देकर सम्मानित किया था। ऐसे में उनके पुत्र अखिलेश आज भले ही कांग्रेस के बगलगीर हों, लेकिन वह आपातकाल को कभी सही नहीं ठहरा सकते। संसद में विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी को इसे समझने की जरूरत है। कांग्रेस पिछले 50 वर्षों से भले ही संविधान को कुचलने वाले आपातकाल को सही ठहराने की हिमाकत करती रही हो, लेकिन अब उसे सुधर जाना चाहिए और सार्वजनिक रूप से 1975 के आपातकाल को भूल के रूप में स्वीकार कर लेना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक राहुल गांधी का संविधान बचाने वाला शिगूफा अर्थहीन ही रहेगा।

pandeyvp1960@gmail.com

### नई पंक्ति के युवा नेता उभरे

लोकसभा चुनाव 2024 कई मायने में महत्वपूर्ण तथा अद्भुत रहा। इस चुनाव में भारतीय राजनीति में नई पंक्ति के नेता उभरे, जिनमें अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव, चिराग पासवान का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। ये वही युवा नेता हैं जो आगे चलकर देश की राजनीति की दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये अपने व्यक्तित्व और प्रभावशाली नेतृत्व के बल पर देश के अंदर प्रभावशाली लीडर के रूप में उभरकर सामने आए हैं। जिस तरह इन्होंने अपने-अपने दलों की बागडोर संभाली और पार्टी को एक मुकाम तक पहुंचाया, इसमें इनकी राजनीतिक परिपक्वता साफ तौर पर झलकती है। ऐसे में भारतीय राजनीति में इस तरह के युवा प्रभावशाली नेताओं का आना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत कहा जा सकता है।

देश की राजनीति ऐसे युवाओं के हाथ में जा रही है जो अपनी राजनीतिक परिपक्वता लोकसभा के चुनाव में ना सिर्फ सिद्ध कर चुके हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अखिलेश यादव हैं। समाजवादी पार्टी के संस्थापक 'नेताजी' (मुलायम सिंह यादव) के समय में भी समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में वह मुकाम नहीं प्राप्त किया था जो अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 में कर दिखाया।

विजय किशोर तिवारी, नई दिल्ली

### जनता को नहीं पसंद भ्रष्टाचार

निस्संदेह आम आदमी पार्टी जनआंदोलन से निकली एक राजनीतिक पार्टी है, जिसने भ्रष्टाचार पर प्रहार और राजनीतिक शुचिता की बात की थी। आप द्वारा देश के बड़े-बड़े नेताओं पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाए गए और सत्तारूढ़ होने पर जेल की सलाखों के पीछे डालने की बात कर जनसाधारण का दिल जीत लिया। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य कितना हास्यास्पद है कि केजरीवाल द्वारा आरोपित लगभग सभी नेता बाहर हैं और वह स्वयं शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। देश में सबसे विचित्र राजनीतिक स्थिति तब उत्पन्न हुई जब आप ने आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल होकर स्वयं के द्वारा निर्धारित आरोपितों से हाथ मिला लिया। क्या ऐसी ओछी राजनीति सुविधा और सत्तालोलुपता की राजनीति नहीं कहलाएगी? कितना दुखद है कि राजधानी दिल्ली में वो भी मुख्यमंत्री आवास में आप की वर्तमान सांसद व पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल द्वारा मुख्यमंत्री के पीएस पर पिटाई के आरोप लगाए गए। देश के लिए कितना शर्मसार विषय है जब मुख्यमंत्री आवास पर दिल्ली पुलिस द्वारा क्राइम सीन रिक्रिएट किया गया। कुछ वर्ष पहले भी दिल्ली के मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री आवास पर आप के विधायकों व मंत्रियों द्वारा पीटे जाने के गंभीर आरोप लगाए थे। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की जनता जनार्दन द्वारा कांग्रेस व आप के गठबंधन को एक भी सीट ना देना निश्चित ही लोगों के आक्रोश को दर्शाता है।

दीपक गौतम, सोनीपत

## पोस्ट

इसे 99 का अहंकार नहीं तो और क्या कहेंगे कि कांग्रेस ने के. सुरेश को स्पीकर पद का उम्मीदवार बनाने के पहले टीएमसी से बात तक करना जरूरी नहीं समझा।

शालिनी कपूर तिवारी@ShaliniKTiwari

कुछ चीजें जो भारतीयों को गरीब बना रही हैं- सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति के कारण निजी अस्पतालों में महंगा इलाज, खस्ता शिक्षा व्यवस्था के कारण बच्चों को विदेश पढ़ने भेजना और तड़क-भड़क से शादियां करना। अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1

जलवायु परिवर्तन के रूप में तीसरा विश्व युद्ध पहले से ही चल रहा है, लेकिन हम इसे पहचान नहीं रहे हैं। जलवायु परिवर्तन कोई अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं जानता। राजनीतिक, वैचारिक, सांस्कृतिक या धार्मिक सीमाओं को भी नहीं पहचानता। यह एक ऐसा युद्ध है, जो हम खुद से लड़ रहे हैं। हम सभी इसकी कीमत चुका रहे हैं।

शेखर कपूर@shekharkapur



भले ही लोकसभा की सदस्यता लेते समय विभिन्न सदस्यों ने जो नारे लगाए, उन्हें कार्यवाही से निकाल दिया गया हो, लेकिन डिजिटली तो वे सब लाइव हैं। क्या संसद अब ऐसे ही बाजारू ढंग से चलेगी?

जगदीश उपासने@jdupasane

## जनपथ

संसद भारतवर्ष की गूंजे फिलीस्तीन,
करने 'शपथ जिहाद' हैं निकले असदुद्दीन।
निकले असदुद्दीन देख लें सेक्युलर भाई,
कैसे कट्टरपंथ ले रहा है अंगड़ाई!
ऐसे ही चुपचाप पार हो जाती है हद,
दोगे इक दिन सौंप पाक को तुम यह संसद!!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल* दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 345

*********

# 24 साल के कार्यकाल में कभी महसूस नहीं किया दबाव : प्रधान न्यायाधीश

## कहा-भारत में अदालतें संवैधानिक व्यवस्था के आधार पर निर्णय सुनाती हैं

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जज के रूप में 24 साल के कार्यकाल में उन्हें कभी किसी सरकार की ओर से राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। आक्सफोर्ड यूनियन द्वारा आयोजित सत्र के दौरान प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में अदालतें तात्कालिक भावनाओं के बजाय संवैधानिक व्यवस्था पर आधारित परंपराओं के आधार पर निर्णय सुनाती हैं। जजों को इस तरह से निर्णय लेने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।



सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ● फाइल फोटो

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, मैं 24 वर्षों से न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हूं। मैंने कभी भी सरकार से राजनीतिक दबाव का सामना नहीं किया है। भारत में हम जिन लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हैं उनमें यह भी शामिल है कि हम सरकार की राजनीतिक शाखा से स्वतंत्र हैं।

चंद्रचूड़ ने कहा, जब संवैधानिक मामलों पर निर्णय ले रहे हों, तो जजों को व्यापक रूप से राजनीति पर अपने निर्णयों के प्रभाव से परिचित होना चाहिए। मेरा मानना है कि यह राजनीतिक दबाव नहीं है। सामाजिक दबाव के बारे में उन्होंने कहा कि जज अक्सर अपने निर्णयों के सामाजिक प्रभाव के बारे में सोचते हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, हमारे द्वारा तय किए गए कई मामलों में समाज पर गहरा असर पड़ता है। जज के रूप में मेरा मानना है कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने निर्णयों के सामाजिक व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूक रहें। अदालतों में लंबित मामलों के मुद्दे को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में जनसंख्या के अनुपात में जजों की संख्या दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने कहा, हमें अधिक जजों की आवश्यकता है। हम सभी स्तरों पर न्यायपालिका की ताकत बढ़ाने के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

इंटरनेट मीडिया के मुद्दे पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि यह वास्तविकता है। जजों द्वारा कही गई हर टिप्पणी इंटरनेट मीडिया पर बताई जाती है। यह ऐसी चीज है जिसे हमें रोकने की जरूरत नहीं है। हम इसे रोक भी नहीं सकते हैं। जाहिर है कभी-कभी आलोचना उचित होती है, कभी-कभी आलोचना उचित नहीं होती है। मेरा मानना है कि जजों के रूप में हमारे कंधे इतने मजबूत हैं कि हम लोगों द्वारा हमारे काम की आलोचना को स्वीकार कर सकते हैं।

# बिहार में पुल गिरने का सिलसिला जारी, 10 दिनों में पांचवां धंसा



बहादुरगंज में धंसा पुल ● जागरण

**जासं, बहादुरगंज (किशनगंज) :** बिहार में पुल गिरने और ध्वस्त होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बीते 10 दिनों में यहां पुल धंसने की पांचवीं घटना हुई है। ताजा मामला किशनगंज के बहादुरगंज का और सीतामढ़ी में बागमती नदी की मुख्यधारा पर निर्मित पुल से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री सेतु योजना से 2009 में ईंट से किशनगंज में मरिया धार पर करीब 25 लाख रुपये की लागत से 45 मीटर लंबा व 12 फीट चौड़ा पुल बनाया गया था। इसकी कभी मरम्मत नहीं की गई। यह पुल पिछले दो वर्षों से जर्जर अवस्था में था। इस पुल के धंसने से क्षेत्र की करीब 40 हजार की आबादी प्रभावित हुई है।

# उप्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बनेंगे चार नए लिंक एक्सप्रेस वे

- सीएम योगी ने कहा- दिसंबर तक तैयार कर लें गंगा एक्सप्रेस वे
- नोएडा एयरपोर्ट तक होगी गंगा एक्सप्रेस वे की कनेक्टिविटी

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस वे के साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी के लिए तीन और नए लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में एक्सप्रेस वे परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण हर हाल में दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य भी तय किया, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में श्रद्धालु गंगा एक्सप्रेस वे पर यात्रा का लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस वे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि नोएडा में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाना चाहिए।

गंगा एक्सप्रेस वे से नोएडा एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से पूर्वांचल तक लिंक एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे से आगरा-लखनऊ तक वाया फर्रुखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस वे बनाया जाना चाहिए।












*********

